हाड़ौती का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

# दैनिक पैंतरा

राजकीय विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

बारां व झालावाड से प्रकाशित, कोटा व बून्दी से प्रसारित

E-mail :- pentranews@gmail.com

वर्ष 07 अंक 005 | झालावाड़, गुरुवार 30 जनवरी 2025 | RNI NO. RAJHIN/2019/78056 | पोस्ट रजि. नं. JHALAWAR/07/2023-25 | पृष्ठ 4 मूल्य 2 रु.

## जिला कलक्टर ने मिनी सचिवालय के विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण



**पैंतरा न्यूज**

**झालावाड़ 29 जनवरी।** जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बुधवार को मिनी सचिवालय में कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, कोष कार्यालय एवं जिला रसद कार्यालय का निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम जिला कलक्टर ने कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर का निरीक्षण करते हुए पुराने दस्तावेजों के निस्तारण के निर्देश दिए। इसके पश्चात् कोष कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्थाओं को जांचा तथा अनुपयोगी सामानों एवं दस्तावेजों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश कार्यवाहक कोषाधिकारी को दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने कोष कार्यालय में नवनियुक्त कनिष्ठ लेखाकारों के चल रहे प्रशिक्षण में नवनियुक्त लेखाकारों को राजकीय सेवा को पूर्ण ईमानदारी के साथ निष्पादित करने की बात कही।

इसके पश्चात् जिला कलक्टर ने जिला रसद कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लम्बे समय से रसद कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों का स्थानान्तरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

उन्होंने रिक्त उचित मूल्य दुकानों के लिए सम्पन्न हो चुके साक्षात्कारों के पश्चात् शीघ्र संबंधित व्यक्ति को प्राधिकार–पत्र जारी करने के निर्देश रसद अधिकारी को दिए। साथ ही सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों एवं कार्यालय से उचित मूल्य दुकानदारों को जारी नोटिसों के निस्तारण के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि अपात्र लोगों द्वारा राशन लेने पर उनसे की जाने वाली रिकवरी के कार्य में प्रगति लाएं। उन्होंने कार्यालय में आधार सीडिंग के लिए आने वाले व्यक्तियों के दस्तावेज हार्ड कॉपी के स्थान पर स्कैन कर डिजीटली स्टोर करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा, कार्यवाहक कोषाधिकारी ओमप्रकाश शर्मा, जिला रसद अधिकारी देवराज रवि सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## महिला पुलिस थाने का किया निरीक्षण

**झालावाड़।** जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बुधवार को गढ़ भवन में संचालित महिला पुलिस थाने का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने लम्बित तफ्तीश शिकायतों एवं पेण्डिंग माल का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने गिरफ्तारी वारंट की तामील शीघ्र करवाने तथा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण के तहत बकाया प्रकरणों को तीन दिन में विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने के भी निर्देश दिए।

***महिला पुलिस थाने के नये भवन का किया निरीक्षण :–***

जिला कलक्टर ने मंगलपुरा में महिला पुलिस थाने के नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित संवेदक को 11 फरवरी तक भवन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वहीं थानाधिकारी को भवन की चारदीवारी पर प्लास्टर करवाने एवं थाने के समीप गली का रास्ता बन्द करवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने भवन के प्रत्येक तल पर जाकर निर्माण की गुणवत्ता को जांचा।

इस दौरान तहसीलदार झालरापाटन नरेन्द्र मीणा, थाना अधिकारी मुकेश कुमार सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## नौकरी से अधिक व्यवसाय की ओर बढे युवाओं को: आचार्य प्रज्ञा सागर

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, महावीर नगर द्वितीय में आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में विशेष प्रवचन सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर गुरुदेव ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और व्यवसाय की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया।



अध्यक्ष दर्पण जैन ने बताया कि गुरूदेव का पाद पक्षालन पवन अजमेरा व विनोद चुनावाला परिवार द्वारा किया गया। मंगलाचारण परिधि बाकलीवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन विकास पाटौदी ने कुशलतापूर्वक किया। गुरुदेव ने अपने प्रवचन में कहा कि 'युवा केवल नौकरी की अपेक्षा न करें, बल्कि अपने कौशल और क्षमता के आधार पर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करें।'

उन्होंने बताया कि स्वरोजगार न केवल आत्मनिर्भरता लाता है, बल्कि समाज और राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि में भी योगदान देता है। गुरुदेव ने कहा कि प्राचीन भारतीय संस्कृति में व्यापार और स्वावलंबन को विशेष महत्व दिया गया है। हमारी परंपरा में वैश्य धर्म को जीवन का आधार माना गया है, जहां व्यक्ति स्वयं के परिश्रम और बुद्धिमानी से समाज के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करता है। गुरुदेव ने उदाहरण देते हुए कहा कि 'धन कमाना बुरा नहीं है, लेकिन धन का सदुपयोग करना महत्वपूर्ण है।'

उन्होंने प्रेरित किया कि युवा अपने व्यवसाय को समाजसेवा और धार्मिक कार्यो से जोड़ें, जिससे वे न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे बल्कि आत्मिक संतोष भी प्राप्त करेंगे। उन्होने अपने पर्यावरण सरंक्षण हेतु 1 करोड पौधे लगानें के संकल्प में युवाओं को जोडने का आव्हान किया।

## माय भारत प्लेटफार्म से होगी युवा ब्रिगेड के कार्यो में कार्यकुशलता

### जिले के सीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी होगे ऑनबॉर्ड

**पैंतरा न्यूज**

**झालावाड़ 29 जनवरी।** युवा कार्यक्रम विभाग भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा युवाओं में सहयोग, योग्यता एवं कार्य बढाने हेतु ''माय भारत प्लेटफार्म'' का निमार्ण किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सम्बन्धित चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। चिकित्सा संसथान जो इस श्रेणी में आते है उन्हे माय भारत प्लेटफार्म पर ऑनबोर्ड किया जाना है।

माय भारत प्लेटफार्म पर ऑनबोर्ड करने के लिए भरत सरकार द्वारा नेहरु युवा केन्द्र के डीडी या डीवाईओ को नामित किया गया है। जिनके द्वारा ये कार्य किया चिकित्सा संस्थानों को माय भारत प्लेटफार्म पर ऑनबोर्ड किया जावेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि माय भारत प्लेटफार्म पर जिले की सभी सीएचसी व आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी को ऑनबोर्ड किया जाना है। जिसके माध्यम से युवाओं को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाकर उन्हे इन संस्थानों पर आने वाले रोगीयों को सहयोग प्रदान करने के साथ ही विभागीय गतिविधियों से जागरुक करेगे।

## मानहानि मामले में न्यायालय ने दोषी पाएं जाने पर अभियुक्त दम्पत्ति समेत तीन के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया

### अभद्रता, लड़ाई झगड़ा करने व धमकी देने का मामला

**कोटा, 29 जनवरी।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम–2 उत्तर की न्यायाधीश ने पत्रकार के साथ अभद्रता व लड़ाई झगड़ा करने के मामले में पेश इस्तगासे पर सुनवाई करने के बाद अभियुक्त दम्पत्ति समेत तीन को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ प्रसंज्ञान लिया है।

विज्ञान नगर निवासी परिवादी जगदीश ने अपने अधिवक्ता लौकेश कुमार सैनी के जरिए न्यायालय में अभियुक्त नीरज कश्यव व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप, तत्कालीन एएसपी शहर प्रवीण जैन, विज्ञान नगर थाने के तत्कालीन थानाधिकारी देवेश भारद्वाज व थाने के तत्कालीन व एएसआई अमरचंद के खिलाफ न्यायालय में इस्तगासा पेश किया था। जिसमें उसने कहा था कि उसके पड़ौस में रहने वाले नीरज कश्यप व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप उसके खिलाफ आसपास के लोगों से अर्नगल बाते करते है। उसे फर्जी पत्रकार व पागल कहते है। समझाने पर दोनों ने उसके साथ लड़ाई झगड़ा किया। जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत उसने 16 अक्टूबर 2022 को तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रवीण जैन को दी। शिकायत पर उसके बयान थाने के विशाल पुनिया कांस्टेबल ने दर्ज किए। जिस पर 18 अक्टूबर पर अभियुक्त नीरज कश्यप को पुलिस ने विज्ञान नगर थाने में लाकर पाबंद किया था। अभियुक्त के लिखित मे माफी मांगने पर उसने शिकायत वापस ले ली थी। इसी बात की रंजिश रखते हुए नीरज कश्यप व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप आसपास के लोगों, महिलाओं व बाईयों को भडका रही है।

प्रतीभा के यहां पर काम करने वाली बाई संतोष भी उसके कहने से उसके खिलाफ आसपास के लोगों को भडका रही है। उसकी मानहानि कर रही है। जिसकी शिकायत उसने 16 जनवरी 2023 को तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण जैन को दी। शिकायत की जांच थाने के तत्कालीन एएसआई अमरचंद ने की।

एएसआई ने उसके 25मार्च 2023 को बयान दर्ज किए। लेकिन एएसआई ने गवाहों के बयान दर्ज नही किए। ना ही किसी प्रकार की कोई जांच की व परिवादी की उपस्थिति में मौका नही देखा। इस्तगासे में बताया कि एएसआई अमर चंद ने अभियुक्तों से सांठगांठ कर कहा कि वह भी परिवादी के खिलाफ झूठा परिवाद पुलिस अधीक्षक को दे। ताकि वह परिवादी पर दबाव बना सके। अभियुक्तों की ओर किसी प्रकार का कोई परिवाद एसपी को नही दिया गया।

एएसआई ने 19 जून 2023 को अपनी गलत रिपोर्ट बनाकर एडीएम सिटी में पेश कर दी। जिसमें कहा गया कि अभियुक्तों के खिलाफ कोई मामला बनना नही पाया गया।

अभियुक्त एएसआई अमर चंद ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अभियुक्त नीरज कश्यव व उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप को लाभ पहुंचाया। उनके खिलाफ आपराधिक कृत्य को छिपाया है। न्यायालय ने इस्तगासे पर सुनवाई करने क बाद अभियुक्त नीरज कश्यप उसकी पत्नी प्रतिभा कश्यप व संतोष बाई को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ प्रसंज्ञान लिया है। न्यायालय ने तीनो अभियुक्तों को पांच–पांच हजार रुपए जमानती वारंट से 1 मार्च को तलब किया है।

## कोटा मंडल के देवी सिंह 38 वें राष्ट्रीय खेल में बॉक्सिंग निर्णायक की भूमिका के लिए चयनित

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,29 जनवरी।** 38वें राष्ट्रीय खेल भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा दिनांक 29 जनवरी से 08 फरवरी, 2025 तक पिथौरागढ़, उत्तराखंड में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बॉक्सिंग खेल में निर्णायक के रूप में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा कुल 5 खिलाड़ियों को चयनित किया गया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के इंजीनियरिंग विभाग में मुख्य कार्यालय अधीक्षक के रूप में कार्यरत देवी सिंह को चुना गया है।



उत्तराखंड में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय खेल में बॉक्सिंग निर्णायक के तौर पर चयनित होने पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी एवं मंडल खेलकूद अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव सहित विभाग के सभी साथी कर्मचारियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## पंचायत समिति झालरापाटन के अधीन दुकानों के किराया निर्धारण के संबध में बैठक हुई आयोजित

**पैंतरा न्यूज**

**झालावाड़, 29 जनवरी।** जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत समिति झालरापाटन के अधीन आने वाली दुकानों के किराएदारों के साथ पंचायत समिति सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला कलक्टर द्वारा पंचायत समिति परिसर के बाहर एवं इसके अधीन आने वाली दुकानों में अपना व्यवसाय चला रहे किराएदारों से उनकी समस्याओं, पूर्व के बकाया किराए एवं दुकानों के किराए के पुर्ननिर्धारण के संबंध में चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने करीब 50 दुकानदारों से उनकी दुकानों के लम्बे समय से बकाया चले आ रहे किराए को आगामी 28 फरवरी तक जमा कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व का किराया जमा होने के पश्चात् पंचायत समिति द्वारा बाजार दर का मूल्यांकन कर दुकानों के किराए का पुर्ननिर्धारण किया जाएगा।

इस संबंध में जिला कलक्टर ने पंचायत समिति झालरापाटन के विकास अधिकारी महेश मीणा को निर्देशित किया कि वर्तमान में बकाया राशि एवं अगले एक माह में राशि जमा होने के बाद बकाया किराए का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करें। साथ ही दुकानदारों द्वारा किराया जमा कराने पर साधारण सभा की बैठक आयोजित कर दुकानों के किराए का पुर्ननिर्धारण किया जाए।

बैठक में जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, पंचायत समिति झालरापाटन की प्रधान भावना झाला सहित संबंधित दुकानदार उपस्थित रहे।

## मौनी अमावस्या पर गरीबों को खाने के पैकेट वितरित किए

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,29 जनवरी।** जय बाईसा राज राजपूताना संस्था की संस्थापक हेमलता सिंह गहलोत की अगुवाई में संस्था के पदाधिकारियों ने मौनी अमावस्या पर गरीब जन को खड़े गणेश जी पर खाने के पैकेट विपरीत किए।

हेमलता सिंह गहलोत ने बताया कि जरूरतमंद लोगों के लिए संस्था द्वारा अलग–अलग कार्य किया जाते हैं आज इसी क्रम में मोनी अमावस्या के पावन अवसर पर संस्था के पद अधिकारी और सदस्यों की ओर से खाने के पैकेट बांटे गए।



हेमलता सिंह गहलोत का कहना है कि आज के दिन दानपुण्य करते है तो उसका फल है हमारे पित्रों को मिलता है और हम पर हमेशा पित्रों का आशीर्वाद बना रहता है प्रोग्राम में सहयोग किया सचिव हेमलता हाडा, कोषाध्यक्ष सरोज कंवर झाला, जिलाध्यक्ष शशि चौहान,जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश सिसौदिया, सुनीता राणावत, कुशल कंवर, लक्ष्मी सिसौदिया,नीतू चौहान, नीतू कंवर चौहान, आभा चौहान, शकुंतला चौहान,दिव्या बाईसा,सुनीता जादौन, वर्षा चौहान, आरती भाटी, ममता चौहान, सभी का सहयोग रहा।

## जेसीआई कोटा स्टार ने स्कूली बच्चों को शूज बाटे



**कोटा,29 जनवरी।** जेसीआई कोटा स्टार के अध्यक्ष तनुज खण्डेलवाल ने बताया कि स्टार के सदस्य गौरव गरिमा अग्रवाल के द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रंगबाड़ी में छात्र छात्राओं को स्कूल शूज एवं अल्पाहार की व्यवस्था की की गई। स्कूल शूज पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष मोहित जैन, रवि गर्ग,दीप्ति गर्ग, गौरव अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, गौरव सोनी, पंकज बजाज, ब्रह्मानंद गर्ग, मयंक अग्रवाल उपस्थित थे।

## कोटा उत्तर में सालों से चली आ रही पट्टा वितरण की मांग को पूरा करे प्रशासन : सोनू कुरैशी

### पट्टा वितरण में भेदभाव नहीं हो, कोटा उत्तर में नहीं बांटे गए पट्टे

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** नगर निगम कोटा दक्षिण में बुधवार को एक समारोह में फोर्टवाल व स्कीम प्रभावित क्षैत्र केशवपुरा सेक्टर 04,रामतलाई, रेतवाली,मोखापाड़ा, न्यू साबरमती कॉलोनी,कैथूनीपोल, श्रीपुरा,गुमानपुरा छावनी क्षैत्र के निवासियों को अपना मालिकाना हक दिया गया लेकिन दूसरी और कोटा उत्तर नगर निगम के सैकडों लोग आज भी पट्टे का इंतजार कर रहे हैं, जो अपने हक से वंचित रह गए हैं।

कोटा उत्तर उप महापौर सोनू कुरैशी ने मांग करते हुए कहा कि कोटा उत्तर नगर निगम में भी जरूरतमंद व आवेदन करने वालों को पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। कोटा उत्तर नगर निगम के पार्षदों की एक बैठक सोनू कुरैशी के चौम्बर में आयोजित की गई



जिसमें निर्णय लिया गया कि कोटा उत्तर नगर निगम क्षेत्र के लोगों को भी पट्टा वितरण किया जाना चाहिए नहीं तो इसका विरोध किया जाएगा।

सोनू कुरैशी ने कहा कि कोटा उत्तर निगम में जिन लोगों के पट्टे लम्बित चल रहे हैं उन्हें भी पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। भेदभाव पूर्ण रवैये को बंद कर जनहित में सभी आवेदकों को पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए।

कुरैशी ने कहा कि शीघ्र ही कोटा उत्तर में भी पट्टों का वितरण किया जाए नहीं तो इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में बिना भेदभाव के हजारों लोगों को शिविर लगाकर पट्टों का वितरण किया गया था।

सोनू कुरैशी ने कहा कि कोटा उत्तर नगर निगम में लम्बित पट्टों का वितरण शीघ्र किया जाए ताकी आमजन को राहत मिले।

इस अवसर पर पार्षद उषा ठाकुर, अमरनाथ शर्मा, गोपाल दास,परवेज शिब्बू, शहर जिला कांग्रेस सचिव दीपक शर्मा, खेमराज सिंह टीटू, शिवम माथुर, निशा गौतम,विनोद गौतम, चेतना माथुर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार में वार्षिकोत्सव पूर्व छात्र भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**पैंतरा न्यूज**

**चौमहला 29 जनवरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार में वार्षिक उत्सव पूर्व छात्र सम्मान समारोह एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर जी प्रज्वलित पुष्प माला भेंट कर की गई वही विद्यालय शिक्षिका द्वारा स्वागत गीत गायन व प्रधानाचार्य राहुल द्वारा तिलक माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण विद दशरथ नंदन पांडे विशिष्ट अतिथि प्रधानाध्यापक लालचंद सोनी, नरेंद्र गहलोत, ओमप्रकाश चौधरी, सेवानिवृत शिक्षक विनोद निगम हेमप्रकाश टेलर, प्रधानाध्यापक कुमोद शर्मा, किशन सिंह, मदन सिंह, पूर्व छात्र रघुनंदन शर्मा, नितेश शर्मा अमित अग्रवाल, दिलीप मोरी, कान्हा विश्वकर्मा रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय की वार्षिक गतिविधियां रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत की गई फिर समारोह में पूर्व छात्र भामाशाह व होनहार विद्यार्थीयो को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम व मोबाइल के दुष्परिणाम पर लघु नाट्य प्रस्तुति दी गई।

वही कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सत्यनारायण लोहार, धर्मेश नीमा, गणेश लोहार, प्रभुलाल मेहर पूर्व छात्र लालचंद सोनी व अन्य अतिथियों द्वारा विद्यालय में भामाशाह के रूप में हजारों रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के समापन पूर्व अतिथियों द्वारा संबोधन दिया गया जिसमें बच्चों को शिक्षा के गुर बताएं गए साथ ही पर्यावरण पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी जोर दिया गया।

वही विद्यालय में हुए नवाचार परिवर्तन की अतिथियों द्वारा सराहना की गई। फिर उप प्रधानाचार्य प्रभुलाल मेहर द्वारा सभी अतिथियों भामाशाहों का आभार जताया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता ओम प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया।

# गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन



**पैंतरा न्यूज।**

**अन्ता 29 जनवरी।** युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में विश्व शांति एवं राष्ट्र जागरण हेतु अन्ता नगर में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया, 27 जनवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में रोजाना हजारों लोग आहुतियां प्रदान कर रहे हैं। गायत्री परिवार जिला कोटा समन्वयक हेमराज पाँचाल व राधेश्याम पोटर ने बताया कि पूरे विश्व में शांति और देश व समाज में शांति की कामना को लेकर आयोजित किए गए 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तहत सोमवार के दिन एक हजार मंगल कलशों के साथ नगर में ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली गयी, जिसका नगर में सभी जाति–समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया गया।

झांकी में व्यसन मुक्ति, पर्यावरण संवर्धन, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ जैसे महत्वपूर्ण विषयों को दर्शाया गया। शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के नायक पण्डित सुनील शर्मा, सहनायक रामप्रताप, भजन गायक रामवीर नेगी, दिलथिर यादव, विवेक कुमार सिंह, देवीसिंह आदि की अगुवाई में 28 फरवरी के दिन प्रातः देव आव्हान एवम देवपूजन के साथ महायज्ञ प्रारंभ हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने आहुतियाँ प्रदान की।

बुधवार के दिन यज्ञ दीक्षा संस्कार के साथ शुरुआत हुई , इसके साथ ही पुंसवन, नामकरण व अन्नप्रासन संस्कार निःशुल्क कराए गए, इस दौरान यज्ञ की दोनों पारियों में हजारों श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र व महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियाँ प्रदान की, वहीं साँय 5 बजे के समय एक हजार दीपकों की जगमग रोशनी के साथ दीपयज्ञ हुआ।

कार्यक्रम की व्यवस्था में वरिष्ठ कार्यकर्ता राघवेंद्र सुनारिया, कौशल गालव, कालूलाल मालव, राधेश्याम नागर, हंसराज सुंवालका, लटूरलाल मेघवाल, ओमप्रकाश पाँचाल, गिरिराज शर्मा, धनराज नागर बाबा सहित कई कार्यकर्ता दिन–रात कार्यक्रम की सफलता के लिए जुटे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन हेमराज पाँचाल द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवास और अल्पाहार व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था गायत्री परिवार द्वारा की गई है। 30 जनवरी गुरुवार के हजारों आहुतियों के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

# हरिप्रसाद पंवार को अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 29 जनवरी।** अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास चनाल ने हरिप्रसाद पंवार की मेहनत, लगन और समाज के प्रति उनके कार्यो को देखते हुए पंवार को दूसरी बार अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा बारां जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही पंवार से प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की है कि वे सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक व आर्थिक उत्थान में संवैधानिक उपायों व प्रयासों में वाल्मिकी समाज के सर्वोंगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर समाज को संगठित एवं जागृत करने तथा उनमें नवचेतना का संचार करने में अपनी पूर्ण क्षमता व शक्ति का उपयोग करेंगे। पंवार की नियुक्ति से समाज के लोगों में हर्ष की लहर है। हर्ष व्यक्त करने वालों में छोटूलाल गोडाला, देवकीनंदन नरवाल, अशोक नरवाल, कालीचरण कंडारा, ओमप्रकाश भूमलिया, रमेशचंद लोहरा, संजय जसोना, भोटूलाल जसोना, अजय रोई, पप्पू धूलिया आदि शामिल रहे। जिलाध्यक्ष पंवार व समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष विकास चनाल का आभार व्यक्त किया है।



# आमखोह ग्राम में स्वास्थ्य शिविर में 110 मरीजो का उपचार कर दवा वितरण की



**पैंतरा न्यूज।**

**शाहबाद 29 जनवरी।** शाहाबाद ब्लॉक के दूर–दराज गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर इनका उपचार कर निशुल्क दवाइयां वितरण की जा रही है। शिविर में लगातार मरीज पहुंचकर बीमारियों का इलाज करवा रहे है। शिविर में संकल्प के कार्यकर्ताओं द्वारा इनको साफ–सफाई व खान–पान का पूरा ध्यान रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। शिविर में चिकित्सको द्वारा सुबह से शाम तक मरीजो को देखा जाता है और इनका उपचार कर दवाइयां दी जा रही है। संकल्प सोसाइटी मामोनी द्वारा एसबीआई सिक्योरिटीज के सहयोग से शाहाबाद ब्लॉक के आमखोह गांव में 29 जनवरी को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। संकल्प के चेयरमैन नंदकिशोर शर्मा व सचिव महेश बिंदल ने बताया कि आमखोह गांव में स्वास्थ्य शिविर में 110 मरीजो का निःशुल्क उपचार कर दवा वितरण की। शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है। शिविर में मरीजों की बीपी व शुगर की निःशुल्क जाँच की जाती है। शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य अधिकारी संतोष कुमार मेहता ने उपचार किया। स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रकांत मीणा ने मरीजो को निःशुल्क दवा का वितरण किया। शिविर में आमखोह गांव के मरीजो ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। सामाजिक कार्यकर्ता रमेशचन्द्र सेन व रामनिवास सहरिया, गिरिराज ने शिविर में आये मरीजो के रजिस्ट्रेशन व वजन लिया। शिविर में सहरिया जनजाति समुदाय के मरीजों ने पूरा लाभ उठाया। ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. आरिफ शेख शाहाबाद ने बताया कि संकल्प सोसाइटी मामोनी द्वारा सहरिया जनजाति समुदाय को बेहतर उपचार मिले इसके लिए लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं जो कि एक अच्छा प्रयास है। इस तरह के शिविर दूर दराज के गाँवों में भी लगना चाहिए। ताकि घर बैठे लोगो को उपचार मिल सके। शिविर में जो दवाई वितरण की जाती हैं वह भी दवाइयां भी ब्रांडेड हैं और सभी तरह की दवाइयां उपलब्ध हैं। ज्यादातर मरीज खाँसी जुकाम दाद खुजली के थे। मरीजो को साफ–सफाई को लेकर समझाया गया। अब तक मामोनी, शाहाबाद, खांडा सहरोल, हाटरी, बलारपुर, हरिनगर, गोयरा, कस्बानोनेरा, खण्डेला, कर्णपुरा, सूखा सेमली, पींजना, घट्टी, खटका, ढीकवानी, महोदरा, मुंडियर गांव के स्वास्थ्य शिविर लगाए जा चुके है।

# मानव सेवा समिति द्वारा खिचड़ी वितरण



**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 29 जनवरी।** स्व.श्री ओमप्रकाश व्यास मानव सेवार्थ समिति बारां द्वारा हॉस्पिटल में विगत 2 वर्ष से चलाई जा रही खिचड़ी सेवा को आगे बढ़ाते हुए कुछ दिन पूर्व अकाल मृत्यु का ग्रास बनी कोनिका शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार जन द्वारा बारां के शहीद राजमल मीणा चिकित्सालय की मातृ एवं शिशु में दूध–बिस्किट वितरण किया गया। कोनिका की शुरु से ईच्छा थी इस सेवा कार्य को करने की उनकी इस ईच्छा को पूर्ण करते हुए परिवार जन द्वारा यह कार्य किया गया। समिति के अध्यक्ष अंशुल व्यास, पीयूष उपाध्याय, शशांक शर्मा, हरिमोहन गोयल द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेवा कार्य मे परिवार जन राहुल शर्मा, पवन शर्मा, मुकेश पाठक, प्रदीप सिंह, अभिषेक शर्मा, हेमंत प्रजापति, सोनू सेन, चेतन नगर मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शिव–पार्वती की कथा

**पैंतरा न्यूज।**

**अन्ता 29 जनवरी।** नगर के सीसवाली रोड पर स्थित राधिका गार्डन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने शिव पार्वती की कथा सुनाई तथा कई दिव्य झांकियां सजाई गई। श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित मुकुट बिहारी शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव कल्याण के देवता है तो साथ ही सँहार के देवता भी हैं, शिव कथा सुनने से हमारे सारे मनोरथ सिद्ध होते हैं। मनुष्य अपने संकल्प से ही सफल होता है जैसे हमारे विचार होंगे वैसा ही हमारा स्वरूप होगा। पाश्चात्य संस्कृति के दिखावे में युवा अपने सत्य सनातन से भटक रहे हैं, जिसके कारण परिवार में सामाजिक मूल्यों में गिरावट आई है। सामाजिक मूल्यों में आई गिरावटों के चलते परिवार टूट रहे हैं और इन सब से बचने के लिए भागवत कथा ही एक माध्यम है, भागवत कथा जीवन को जीवन के ढंग से जीने की कला सिखाती है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं, कथावाचक के द्वारा गए भजनों पर श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया। दूसरे दिन कथा से पूर्व पटेल मोडूलाललाल मीणा सिंधपुरी, रामकरण मीणा पचेल, राजेंद्र सेन वीरमदेव मीणा व हरि नारायण मीणा ने पूजा अर्चना व आरती कर कथा का शुभारंभ कराया।

# पात्र परिवारो को मिले योजना का लाभ

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 29 जनवरी।** फलिया सरपंच ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक को पत्र प्रेषित कर पात्र परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाए जाने की मांग की हैं। सरपंच शिवनारायण लोधा द्वारा प्रेषित पत्र में बताया कि पीएम आवास योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना हैं।

सरकार की मंशा है कि हर बेघर पात्र गरीब परिवार को योजना का लाभ मिले। फिर भी उनकी ग्राम पंचायत में पात्र परिवारो को उक्त योजना का लाभ नही मिल पा रहा हैं। फलिया पंचायत में ओबीसी पात्र परिवारों की संख्या 565 हैं। इसके बावजूद दो वर्षो में केवल 29 ही परिवारों को इस योजना का लाभ मिल सका हैं। जबकि जिले की अन्य पंचायतो में 80 प्रतिशत पात्र परिवार इस योजना से लाभांवित हो चुके हैं। उन्होने पात्रो को लाभ दिलवाए जाने की मांग की।

# जिले के सात शिक्षक राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश में होंगे सम्मानित

**पैंतरा न्यूज।**

**किशनगंज 29 जनवरी।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बारां जिले के सात शिक्षकों को शिक्षा सागर फाउंडेशन मध्यप्रदेश के द्वारा 2 फरवरी को धानोदा राजगढ़ में आयोजित होने वाले डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। पुरुस्कृत शिक्षक फोरम बारां के पूर्व जिला महामंत्री भुवनेश मालव ने बताया कि सम्मान के लिए बारां जिले के अंता ब्लॉक से मीनाक्षी शर्मा व प्रमिला मालव, किशनगंज ब्लॉक से अनिल मालव, रामभरोसी मीणा, सीमा मीणा छबड़ा ब्लॉक से अशोक मीणा,छीपाबड़ौद ब्लॉक से उषा मालव का चयन किया गया है। सम्मान समारोह में संपूर्ण भारत से 18 राज्य के 220 शिक्षक सम्मानित होंगे।

# साहित्यकार कन्हैयालाल शर्मा का किया अभिनंदन

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 29 जनवरी।** अपनी लंबी साहित्य साधना और कई पुस्तकों के लेखक वरिष्ठ साहित्यकार कन्हैयालाल शर्मा को गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किए जाने पर गत दिवस शहर के साहित्यकारों ने उनके आवास पर जाकर उनको बधाई दी तथा अभिनंदन किया। प्रेस सचिव राजेश पंकज ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार कन्हैयालाल शर्मा विगत पांच दशकों से भी अधिक समय से साहित्य साधना में लगे हैं और उनकी चार पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। वे अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बारां के संस्थापक सदस्य भी रहे हैं। साहित्यकारों ने सम्मान प्रतीक व शॉल पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर साहित्य परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा ने कन्हैयालाल शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। अभिनंदन करने वालों में विभाग संयोजक भैरवलाल भास्कर, अध्यक्ष बच्छराज राजस्थानी, नाथूलाल निर्भय, रमन अजमेरा, सूरजमल मियाडा, हरीश सेन आदि मौजूद थे। काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कन्हैयालाल शर्मा के पुत्र एवं साहित्य परिषद के जिला संयोजक सुनील शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर अतिक्रमियों पर कार्रवाई की मांग, सौपा ज्ञापन

**पैंतरा न्यूज।**

**किशनगंज 29 जनवरी।** तहसील क्षेत्र के नाहरगढ़ के समीप हरिपुरा ग्राम में स्थित वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटवाए जाने को लेकर ग्रामवासी बाबूलाल किराड़ की अगुवाई में ग्राम वासियों ने उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा को ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में बताया कि नाहरगढ़ रेन्ज, हरिपुरा वॉच टावर के पास करीबन 150 बीघा वन भूमि अवस्थित है। इस वन भूमि में से करीबन 35 बीघा भूमि पर वर्तमान समय में कुछ प्रभावशाली अतिक्रमियों द्वारा सरसो व गैहूं की फसल बुवाई कर दी है। इन अतिक्रमियों से वन भूमि अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर पूर्व समय में 2 बार गांव वालो का झगड़ा भी हो चूका है। वहीं अतिक्रमियों द्वारा पूर्व में वन कर्मियो के साथ भी मारपीट भी की गई थी साथ ही वॉच टावर के गेट तोड़ दिये थे। हरिपुरा में स्थित वन भूमि पर आज से तकरीबन 4 माह पुर्व में भी वन कर्मियो द्वारा दो जेसीबी मशीनों की सहायता से अतिक्रमियों के पत्थर के कोट हटवाये गये और ट्रेन्च खुदवाई गई थी। लेकिन विभागीय प्रतिक्रिया के तुरंत बाद ही अतिक्रमियों द्वारा कोट की दीवार पुनः बना दी गई एवं विभाग द्वारा खुदवाई गई ट्रेन्चो को हकाई करवा कर समतल कर दिया था। साथ ही साथ ज्ञापन में बताया कि नाहरगढ़ रेन्जर सहित वन कर्मियो की मिली भगत से करीबन 8 सालों से वन भूमि पर अतिक्रमण करवाया जा रहा है परंतु वन कर्मियों का प्रभाव ही नजर नही आ रहा है। ज्ञापन में अतिक्रमण करवाने में वनकर्मी तक शामील बताए गए।गत 10 दिसंबर 24 को अतिक्रमियों द्वारा दो ट्रेक्टरो की मदद से वन भूमि पर हंकाई कर दी थी। जिसकी शिकायत वनपाल लक्ष्मीनारायण सहरिया को भी ग्राम वासियों द्वारा दी गई थी परंतु वनपाल द्वारा अतिक्रमण के विषय मे कोई प्रतिक्रिया नहीं की गई। वनपाल लक्ष्मीनारायण सहरिया की मौजूदगी और उसकी सहमति पर वन भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से हरिपुर ग्राम वासियों ने उपखंड अधिकारी से वन भूमि पर अतिक्रमियों द्वारा बुवाई की गई सरसो एवं गैहूं की फसल को तुरन्त नष्ट करने, हरिपुरा में सम्पूर्ण वन भूमि 150 बीघा पर प्लान्टेशन लगवाए जाने, हरिपुरा वॉच टावर के पास होकर गुजर रही अतिक्रमियों की पाईप लाईनों को जप्त करते हुए अतिक्रमियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान हरिपुरा ग्रामवासि बाबूलाल किराड़ चौथमल नागर, हेमराज नागर, महेन्द्र चौधरी, ओमप्रकाश सुमन आदि लोग किशनगंज उपखंड मुख्यालय पर मौजूद रहे।



# विकास समिति की बैठक आयोजित

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 29 जनवरी।** राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को विकास समिति की बैठक प्राचार्य अरविंद प्रतापसिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम प्रभारी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में विकास समिति सचिव अशोक कुमार मीणा ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा छात्र हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में हिम्मतसिंह सिंघवी राज्य सरकार प्रतिनिधि व अशोक भार्गव भामाशाह सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र प्रतिनिधि व अविभावक ने भाग लिया। वही, खेल सप्ताह में महाविद्यालय की टीमों का क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# ज्योति कलश यात्रा का हुआ अभूतपूर्व स्वागत

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 29 जनवरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश यात्रा का छबड़ा के ग्रामीण क्षेत्रो में धूमधाम से स्वागत किया जा रहा है। मंगलवार को ग्राम पंचायत गुगोर, कड़ैयावन एवं मुंडला के गांव आंचोली, कोटड़ी, दिलोद आदि गांवों में पुष्प वर्षा, माल्यार्पण, पूजा–आरती स्वागत सत्कार किया। यात्रा के साथ टोली द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी के बच्चो का मार्गदर्शन किया गया।

यात्रा का नेतृत्व गायत्री मंदिर के ट्रस्टी हरिओम सेन, तेजकरण गालव, पन्नालाल नागर एवं गणपत सिंह द्वारा किया गया।

maashardabaran@gmail.com
अब आपके शहर बारां में सभी प्रकार की डिग्री, डिप्लोमा एवं अन्य कोर्स करने हेतु सम्पर्क करें।
10वीं फैल, 11वीं करें
12वीं फैल BA Com, BSC करें
Director M. 94133-54183
Acharya Bhagchand Nager 73398-54183
MAA SHARDA
Sr. Sec. Public School Nakoda Colony Baran (Raj)
G.N.M D. Pharmecy DMLT
B.Sc. Nursing B.Phamecy Course
मान्यता प्राप्त सरकारी एवं प्राईवेट यूनिवर्सिटी से
Distance Learing Course

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| B.Ed. | B.A. | M.A. | B.Lib. | B.C.A. | PGDCA |
| M. Ed. | B.Sc. | M.Sc. | M.Lib. | B.B.A. | YOGA |
| B.S.T.C. | B.Com | M.Com | D.Lis. | M.C.A. | B.P.Ed |

DAESI खाद, बीज व पेस्टीसाईड डीलरशिप व दुकान लगाने हेतु
-:परामर्श के लिये सम्पर्क करें:-
आचार्य भागचन्द नागर
मां शारदा सी.सैकण्डरी स्कूल
नाकोड़ा कालोनी तेलफैक्ट्री बारां

Hero
नई तकनीक के साथ
हीरो मोटोकॉर्प
सर्वगुण सम्पन्न
फाईनेन्स सुविधा उपलब्ध
HF 100, GLAMOUR XTREEME 160
हर हीरो मोटोकॉर्प पर पांच साल की वारन्टी
⇨NEW HF 100
⇨HF DELUXE
⇨SPLENDOR PLUS
⇨XOOM
⇨PASSION +
⇨SUPER SPLENDOR
⇨GLAMOUR
⇨XTREME 160R
⇨XPULS 200 FI
⇨PLEASURE +
⇨DESTINI-125 LX
⇨MAESTRO EDGE 110
के.के.मोटर्स
न्यू सिविल लाइन के सामने कोटा रोड बारां
96729-90450 (W) 98281-30112 (S)

100% अब प्राकृतिक तरीके से NO: •Dieting •Medicine
रुकिये जनाब सिर्फ पैदल चलने मात्र से मोटापा खत्म नहीं होता है।
जानिये, आप कितने स्वस्थ है।
यदि आज आपके पास स्वस्थ शरीर के लिए समय नहीं है तो कल आपको बिमारियों के लिए समय निकालना होगा।
वजन घटाये या वजन बढ़ाये
डायबिटिज, बी.पी. व थायराइड वाले भी अपना मोटापा कम कर सकते है। स्किन समस्या, माईग्रेन, महिलाओं से संबंधित अन्य समस्या का समाधान किया जाता है
ऑनलाईन आपके घर से वर्कआउट जॉइन करने के लिए सम्पर्क करें
No. 1 Nutrition
कोई साइड इफेक्ट नहीं
दुनियां भर के 95 देश 40 करोड़ से ज्यादा संतुष्ट ग्राहक
एक फोन कॉल अच्छी फिटनेश दे सकता है। प्राकृतिक तरीके से समाधान
हमारा Online (BTP) Body Transformation Programme
ZOOM App Download करे Body Transformation Programme
Weight Management Program के साथ
आधुनिक मशीन द्वारा 6 प्रकार की निःशुल्क जांच करायें।
★ FAT ★ VFA ★ BODY AGE SLELETAL MUSCLE R.M. ★ BMI
प्रतिदिन BMI चेकअप निशुल्क
योगेश गुप्ता (पैंतरा)- 9413354218



# संपादकीय

## समान नागरिक संहिता लागू

भाजपा ही नहीं, भारतीय जनसंघ का भी एक बुनियादी, वैचारिक एजेंडा लागू हो गया। समान नागरिक संहिता को कानूनन उत्तराखंड राज्य ने लागू किया है। अभी भाजपा शासित 6–7 राज्य और हैं, जहां समान नागरिक संहिता की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। वहां से भी जल्द ही अच्छी खबरें आ सकती हैं। केंद्र के स्तर पर कब होगा, फिलहाल यह निश्चित नहीं है। उत्तराखंड देश का सर्वप्रथम राज्य बन गया है। भाजपा के मातृ–दल जनसंघ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और तीन तलाक को कानूनन बनाने सरीखे मुद्दों को अपना वैचारिक एजेंडा तय किया था और उसी के आधार पर राजनीति की थी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण भाजपा और विहिप का साझा एजेंडा था। आरएसएस बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश के बाहर खदेडने का पक्षधर रहा है। देखा जाए तो ये संघ परिवार के ही वैचारिक मुद्दे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने उन मुद्दों को साकार कराया है, बेशक समान नागरिक संहिता पर वह राज्यवार चलना चाहते हैं। यह बचाव–मुद्रा इसलिए है, ताकि देश भर में सांप्रदायिक बवाल न मचे और दंगों की नौबत न आए। उत्तराखंड ने जो पहल की है, उसका भी त्वरित विरोध 'जमायत–ए–हिंद' ने किया है और समान संहिता को मुसलमानों के मजहबी हुकूक में दखलअंदाजी माना है। उन्होंने इस कानूनी व्यवस्था को सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने का भी ऐलान किया है। वैसे समान नागरिक संहिता कोई 'संघी व्यवस्था' नहीं है। संविधान बनाने वाले हमारे पुरखों ने अनुच्छेद 44 में यह प्रावधान निहित किया था कि केंद्र अथवा राज्य सरकारें समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयास जरूर करें। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी इसकी पक्षधरता कुछ अवसरों पर व्यक्त की है।

तो यह बुनियादी निष्कर्ष तय है कि समान संहिता को लागू करना अवैध और असंवैधानिक नहीं है। यह भाजपा सरकार ने ही तय नहीं किया है, बल्कि सर्वोच्च अदालत की न्यायाधीश रह चुकीं जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में 2.35 लाख लोगों से विमर्श किया गया। उस प्रक्रिया के बाद ही 740 पन्नों का मसविदा सामने आया। उसे विधानसभा में पारित किया गया, फिर राज्यपाल ने सहमति दी और 12 मार्च, 2024 को राष्ट्रपति ने अनुमोदित किया। विमर्श की गुंजाइश अब भी है। साफ है कि समान नागरिक संहिता के तहत सभी धर्मों के सभी लोगों को समान अधिकार देने की व्यवस्था की गई है। हमारा सवाल है कि अनुसूचित जनजातियों को भी इससे अलग क्यों रखा गया है? आदिवासी अब पूरी तरह कबीलाई नहीं हैं। वे भी सुशिक्षित हैं, सरकारी नौकरियां कर रहे हैं, आईएएस/आईपीएस अधिकारी भी हैं। नए दौर, नए युग की करवटें वे भी देख रहे हैं। उन आदिवासियों को इस कानून से अलग रखा जा सकता था, जो आज भी अनपढ़ हैं और जंगल की जिंदगी जी रहे हैं। बहरहाल समान नागरिक संहिता में विवाह, तलाक, बहुविवाह, बाल विवाह, बेटा–बेटी बराबर, गोद लेने की कानूनी व्यवस्था, विरासत, वसीयत और लिव–इन सरीखी तमाम व्यवस्थाएं समान रूप से लागू की जा सकती हैं। उत्तराखंड ने अपने कानून में 'हलाला' को 'अपराध' करार दिया है। धारा 63 और 51, महिला से क्रूरता या उत्पीडन धारा 69 में अपराध है। हलाला पर 10 साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। बहरहाल समान नागरिक संहिता देश भर में लागू क्यों न की जाए?



## रेल कर्मचारियों ने क्षय रोग मुक्त भारत करने की शपथ ली

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** मंडल रेल चिकित्सालय द्वारा 100 दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन सघन अभियान चलाया जा रहा है। यह जन जागरूकता अभियान के तहत 07 दिसम्बर,2024 से 24 मार्च, 2025 तक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपर्णा सेन राय के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है।

क्षय रोग उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधि शामिल है। इसी कड़ी में 29 जनवरी को वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता कार्य एवं वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता पीवे दक्षिण कार्यालय में 70 से अधिक कर्मचारियों ने मेडिकल विभाग के निर्देशन में क्षय रोग मुक्त भारत करने की शपथ ली। साथ ही बैनर के माध्यम से टीबी रोग विकसित के उच्च जोखिम वाले रोगों एवं लक्षणों के प्रति जागरूक किया गया।

## जेसीआई सुरभि अवार्ड सेरेमनी: मीता अग्रवाल को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** जेसीआई सुरभि की अवार्ड सेरेमनी एवं शपथ ग्रहण समारोह एक निजी होटल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में वर्षभर सेवा कार्यो में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्ष नेहा सेठी ने बताया कि इस अवसर पर लाईफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से मीता अग्रवाल को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि मीता अग्रवाल को हाल ही में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सेवा कार्यो के लिए जिला प्रशासन द्वारा भी सम्मानित किया गया था।

***मीता अग्रवाल: प्रेरणादायक व्यक्तित्व और उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रतीक***

नेहा सेठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'एक सच्चा नेता प्रेरणा की विरासत छोड़ता है।' यह कथन जेसीआई सीनेटर मीता अग्रवाल के व्यक्तित्व को पूरी तरह परिभाषित करता है। वे दूरदर्शी नेतृत्व, सकारात्मक सोच और समाज सेवा की मिसाल हैं।

मीता अग्रवाल वर्तमान में कोटा के विज्ञान नगर स्थित प्रसिद्ध फिल्म और म्यूजिक प्रोडक्शन हाउस 'मार्स स्टूडियो' की डायरेक्टर हैं। वह जेसीआई इंडिया की प्रमाणित ट्रेनर भी हैं, जिन्होंने व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व कौशल और गुड गवर्नेस जैसे विषयों पर छात्रों, अधिकारियों और प्रबंधन संस्थानों में अनेक सेशन्स लिए हैं। उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और नेतृत्व विकास के लिए अपने समर्पण को दोहराया। उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने न केवल जेसीआई, बल्कि रोटरी क्लब,




एनजीओ में भी उत्कृष्टता की मिसाल कायम की है।

***सम्मान और उपलब्धियां:–***

मीता अग्रवाल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2013 में जोन ट राजस्थान की उत्कृष्ट अध्यक्ष, संपूर्ण भारत में उत्कृष्ट चेयरपर्सन (जोन ट राजस्थान), नेशनल अवार्ड फॉर पब्लिक स्पीकिंग की विजेता,एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस (जापान) में जेसीआई इंडिया का प्रतिनिधित्व,गुड प्रशिक्षण में योगदान आदि अवार्ड से उन्हे सम्मनित किया जा चुका है।

***दूसरो को आगे बढाना असली खुशी***

अवार्ड प्राप्त करने के बाद अपने उद्बोधन में मीता अग्रवाल ने कहा कि 'जीवन में असली सफलता तब है जब आप अपने ज्ञान और अनुभव से दूसरों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दें। सेवा, नेतृत्व और आत्म–विकास मेरे जीवन के मूलमंत्र हैं। मैं जेसीआई और अपने परिवार की आभारी हूं, जिन्होंने मुझे इस मुकाम के पहुंचने में सहयोग दिया।'

## जेईई मेन परीक्षा मॉडरेट टु टफ रहा जनवरी सेशन का डिफिकल्टी लेवल



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,29 जनवरी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए की ओर से बीईध्बीटेक के लिए आयोजित जनवरी सेशन की जेईई मेन परीक्षा बुधवार को सम्पन्न हो गई। जनवरी सेशन का डिफिकल्टी लेवल मॉडरेट टु टफ माना जा रहा है।

गुरुवार को बीआर्क/बीप्लानिंग के लिए जेईई मेन परीक्षा का पेपर 2 होगा। यह एक शिफ्ट में ही होगा।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी यानी पांच दिन हुए 10 पेपर के ओवरआल डिफिकल्टी लेवल की बात करें तो यह मॉडरेट टु टफ रहा। इसमें मैथ्स हमेशा की तरह लेंदी और टफ रहा जबकि फिजिक्स मॉडरेट और केमिस्ट्री आमतोर पर इजी टु मॉडरेट रही।

स्टूडेंट्स के मुताबिक जेईई 29 जनवरी शिफ्ट 1 पेपर का डिफिकल्टी लेवल आसान से मध्यम रहा। सवाल संतुलित और करने योग्य थे। हालांकि, मैथ्स सेक्शन लंबा और कठिन था। फिजिक्स में कुछ समय लेने वाले सवाल थे। कुल मिलाकर पेपर कॉन्सेप्ट–आधारित सवालों के साथ क्यूरेट किया गया था।

***एडवांस के लिए कट ऑफ कम होने के आसार***:–

नितिन विजय ने बताया कि जेईई मेन सीएस कटऑफ अंक तैयार करते समय आवेदकों की संख्या, प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन और परीक्षा का कठिनाई स्तर जैसे कारकों को आधार माना जाता है।

इस बार जेईई मेन्स परीक्षा में कुल 75 सवाल आए। इसमें मैथ्स, फिजिक्स और केमिस्ट्री सेक्शन में 25–25 सवाल पूछे गए। हर सेक्शन में 20 बहुविकल्पीय और पांच सवाल न्यूमेरिकल थे। गत वर्ष तक कुल 90 सवाल होते थे। इसमें मैथ्स, फिजिक्स और केमिस्ट्री तीनों विषय में 10–10 सवाल न्यूमेरिकल होते थे, जिसमें से केवल 5–5 सवाल ही हल करने होते थे। इस बार चॅइस समाप्त हो गई और स्टूडेंट्स को सभी पांच सवाल अनिवार्य रूप से हल करने पड़े। इससे पेपर डिफिकल्टी लेवल बढ़ गया। ऐसे में इससे एडवांस का काट ऑफ कम होने के आसार है। संभावना है कि कट ऑफ सामान्य के लिए 92, ईडब्ल्यूएस की 83, अन्य पिछड़ा वर्ग–एनसीएल की 81 और अनुसूचित जाति की 63+ और अनुसूचित जनजाति की 48 + रहे सकती है ।

***यह मानी जाती है अच्छी और औसत रैंक***:–

जेईई मेंन 2025 जनवरी सेशन के लिए 13.8 लाख कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। जेईई मेन में टॉप 2000 रैंक को असाधारण माना जाता है और इससे प्रमुख आईआईआईटी (ट्रिपल आईटी), एनआईटी और अन्य शीर्ष संस्थानों में प्रवेश सुनिश्चित माना जाता है।

20 हजार तक रैंक पर आईआईआईटी, एनआईटी और सरकारी वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों (जीएफटीआई) में लोकप्रिय शाखाओं में प्रवेश मिलता है।

जेईई मेन में 50,000 रैंक एनआईटी और आईआईआईटी में प्रवेश की संभावना कम कर सकती है, लेकिन राज्य सरकार और निजी संस्थान इस श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए विकल्प बने रहते हैं।

## कहानी लेखन प्रतियोगिता में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बच्चों ने लहराया परचम




**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, राजस्थान की इकाई कोटा द्वारा प्रांतीय स्तर पर विद्यार्थियों में उत्कृष्ट साहित्य का प्रचार प्रसार व साहित्यिक अभिरुचि विकसित करने हेतु, कुटुंब,परिवार भाव, भारतीय परिवार व्यवस्था एक सकारात्मक दृष्टि एवं औपनिवेशिकता के ;णात्मक पक्ष में से कोई भी एक विषय पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.आशा शर्मा के निर्देश अनुसार,अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को को भारत विकास परिषद चिकित्सालय के सूरज सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण व साहित्यकार सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम तीनों ही स्थान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम स्थान महाविद्यालय की बी.एससी. बी.एड. तृतीय वर्ष की छात्रा अहिंसा गोस्वामी, द्वितीय स्थान रक्षित एच प्रजापति व तृतीय स्थान बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा शिखा हाडा ने प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

### बिहार समाज विकास समिति के चुनाव संपन्न

## अजय गुप्ता अध्यक्ष, कमलकांत शर्मा महामंत्री व धनजी यादव कोषाध्यक्ष नियुक्त



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,29 जनवरी।** बिहार समाज विकास समिति का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह रंगबाड़ी स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

समिति के संरक्षक संजय यादव ने बताया कि इस अवसर पर बिहार समाज विकास समिति के सर्वसम्मति से चुनाव भी संपन्न हुए। जिसमें संरक्षक संजय यादव, अध्यक्ष अजय गुप्ता, महामंत्री कमलकान्त शर्मा, कोषाध्यक्ष धनजी यादव को नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा होते ही उपस्थित बिहार समाज बंधुओं ने सभी का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

इस मौके पर बिहार समाज विकास समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि बिहार समाज विकास समिति के समाज की एकजुटता ही है कि आज कोटा में समाज अग्रणी है।

समिति द्वारा समय–समय पर समाजहित में अनेकों धार्मिक एवं सामाजिक कार्यो से समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाती चली आ रही है और यह परंपरा और एकजुटता हमेशा बनी रहे, इसका हम सभी को प्रयास करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार समाज यदि इसी तरह एकजुट रहा तो कोटा शहर में बिहार समाज हमेशा उन्नति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

इस मौके पर सुदर्शन गुप्ता, आकाश गुप्ता, संतोष शर्मा, टुनटुन यादव, सत्येन्द्र यादव, शंकर दयाल गुप्ता, बृजमोहन शर्मा, नंदकिशोर गुप्ता, भगवान यादव, कमलेश सिंह राजू, रंजन सिंह समेत समिति के अन्य पदाधिकारी व सैंकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को लेकर जिला कलक्टर का आमजन को संदेश

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के लिए जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने आज कुष्ठ दिवस पर आमजन को संदेश दिया है। संदेश में लिखा कि 'हम कोटा जिले के समस्त नागरिकगण एवं अधिकारी/कर्मचारी गण ''विकसित भारत अभियान'' के अवसर पर मिलकर यह घोषणा करते है कि हम अपने जिले को ''कुष्ठ रोग मुक्त'' बनाने में कोई कसर नही छोडेगे।

कुष्ठ रोग का निदान करना आसान है और इसका इलाज संभव है। हम जिले में कुष्ठ रोग के सभी मामलों को यथाशीघ्र खोजने का प्रयास करेगें और अपने जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का पूर्ण उपयोग कर कुष्ठ रोग मुक्त लक्ष्य प्राप्त करने की हर सम्भव कोशिश करेगें। साथ ही हम कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी तरह का भेदभाव नही करेगें और ना ही किसी ओर को करने देगें। हम व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से भी समाज में कुष्ठ रोग के प्रति कलंक, फैली भ्रान्तियों एवं भेदभाव को मिटाने के लिए काम करेगें एवं कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्तियो को समाज की मुख्यधारा में जोडने का प्रयास करेगें'।

***13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान:–***

आज (गुरूवार को) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी (बापू) की पुण्य तिथि पर स्वास्थ्य भवन में श्र)द्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। कुष्ठ जागरूकता रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। अभियान 13 फरवरी तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि इस वर्ष की थीम ''आईए सब मिलकर जागरूकता बढ़ाएं, भ्रांतियां दूर करें तथा यह सुनिश्चत करे कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति छूट ना जाए'' पर जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियां होंगी।

डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ एवं नोडल अधिकारी (लेप्रोसी) डॉ. घनश्याम मीना ने बताया कि 30 जनवरी को जिला कलक्टर द्वारा जनता के नाम कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता संदेश, विशेष ग्राम सभा में प्रमुख (सरपंच) द्वारा अभिभाषण, ग्राम सभा के सदस्यों से कुष्ठ प्रभावित रोगियों से भेदभाव दूर करने की अपील, ग्राम सभा में कुष्ठ रोगियों का स्वागत–अभिनन्दन, कुष्ठ रोग संबधी प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित होंगे। 31 जनवरी से 13 फरवरी तक जिला एवं ब्लॉक स्तर पर माईकिंग प्रचार–प्रसार, प्रिन्ट, इलेक्ट्रोनिक, सोशल मीडिया से प्रचार–प्रसार, पोस्टर–पम्पलेट, स्कूलों की प्रार्थना सभा एवं होने वाले सरकारी आयोजनों में कुष्ठ रोग की जानकारी देकर प्रचार–प्रवार कराया जाएगा।

***कुष्ठ रोग का निदान आसान और उपचार संभव है –***

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ घनश्याम मीणा ने बताया कि कुष्ठ रोग जन्मजात या पैतृक रोग नही है। यह रोग माइक्रोबैक्टीरियम लैप्रो नामक रोगाणुओं से होता है। चमड़ी पर हल्के रंग का समतल या उभरा हुआ दाग जिसमें सुन्ता हो। हाथ पैर की नसों में मोटापन, सूजन, झनझनाहट और हाथ–पैर के तलवे में सुन्नता, सूखापन इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

उन्होने बताया कि यह रोग एम. डी.टी. दवा (बहु–औषधीय उपचार) खाने से पूरी तरह ठीक हो जाता है। यह दवा सभी राजकीय अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपल्बध है। इस रोग की जल्द पहचान कर तुरन्त उपचार शुरू कर दिया जाए तो शारीरिक विकलांगता से भी बचा जा सकता है।

## महाकुंभ में भगदड़, 10 श्रद्धालुओं की मौत

**प्रयागराज।** महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर संगम तट के निकट मची भगदड़ में 10 श्र)ालुओं की मौत हो गई, जबकि कई हताहत हुए हैं। भीड़ अधिक होने के कारण रात करीब दो बजे संगम तट पर भगदड़ के हालात बने, जिसमें कई लोग चपेट में आ गए। घायलों को महाकुंभ नगर के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल हालात को काबू कर लिया गया है।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत प्रतिबंधित 'तीन तलाक' के जरिए तलाक के मामलों में मुस्लिम पुरुषों के खिलाफ दर्ज मुकदमे और दाखिल आरोप पत्र की संख्या का आंकड़ा पेश करने का बुधवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया।









दैनिक पैंतरा

# अखिल भारतीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़, 628 मरीजों को मिला लाभ

## गुरूसेवा संघ द्वारा कुन्हाडी दो दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,29 जनवरी।** रिद्धि–सिद्धि जैन मंदिर, कुन्हाड़ी चंद्रप्रभु मंदिर परिसर में गुरू सेवा संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के पहले दिन 628 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज व नवाचार्य समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से आयोजित इस शिविर में दमोह के सुप्रसिद्ध वैद्य रोहित भैया का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। शिविर का उद्घाटन भाजपा नवनियुक्त जिलाध यक्ष राकेश जैन ने किया। गुरूसेवा संघ व कुन्हाडी जैन मंदिर पदाधि ाकारियों द्वारा उनका इस अवसर पर सम्मान भी किया गया।

कार्याध्यक्ष पारस बज आदित्य ने बताया कि शिविर में डॉ. वैभव जैन और डॉ. मियलेश जैन की विशेष उपस्थिति में मरीजों को देखा। शिविर में शुगर, हृदय रोग, घुटने–कमर दर्द, चर्म रोग, लीवर रोग, माइग्रेन, किडनी समस्या, टाइफाइड, पोलियो, साइनस और निःसंतान जैसी समस्याओं का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन नाथुलाल, अशोक, संजय, बालेश,अनुराग, मौलिक एवं समस्त सांवला परिवार के द्वारा किया जा रहा है।

मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा ने बताया कि विशेष बात यह रही कि शिविर में 6 माह के शिशुओं से लेकर 90 वर्ष तक के बुजुर्गो का इलाज किया जा रहा है। शिविर का आयोजन सावला परिवार द्वारा किया गया है। शिविर 30 जनवरी को भी प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक जारी रहेगा।

शिविर में विशेष रूप से कम उम्र के युवाओं को AVN की समस्या, शुगर व बी.पी. का कुछ ही माह में ठीक करने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। साथ ही घुटने का इलाज बिना ऑपरेशन के किया जा रहा है। शिविर को गुरु सेवा संघ परिवार और रिद्धि–सिद्धि नगर का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# न्यायिक सदस्य एस के जैन व सदस्य गुर्जर को भावभीनी विदाई



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** बुधवार को राज्य उपभोक्ता आयोग के न्यायिक सदस्य व पूर्व न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार जैन व सदस्य रामफूल गुर्जर को जिला उपभोक्ता आयोग कोटा के अध्यक्ष अनुराग गौतम व पूर्व सदस्य हेमेन्द्र नारायण त्रिवेदी एवं स्टाफ द्वारा पूर्ण कार्यकाल होने पर भावभीनी विदाई दी गई।इस मौके पर जिला आयोग द्वारा सदस्यगणों को बुके,फूल माला व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

विदाई समारोह में अजय कुमार, नरेंद्र कुमार,विष्णु गुप्ता,हरिशंकर शर्मा,रमेश गौतम,दुर्गाशंकर नामा, एकता सक्सेना,संगीता सामरिया, गोपाललाल,प्रभुलाल, ब्रजेश गौतम, शैतान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सी.सी.आई राजस्थान की कोटा टीम ने किया राकेश जैन के पुन: जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर स्वागत



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** बीजेपी के जिलाध्यक्ष राकेश जैन के पुनः जिलाध यक्ष निर्वाचित होने पर सी सी आई प्रदेश महासचिव ज्योति गौड़ एड. के नेतृत्व में सी सी आई कोटा टीम द्वारा बीजेपी कार्यालय जी एम प्लाजा,कोटा में भव्य स्वागत किया।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन द्वारा उपभोक्ताओं के हितों के लिए व सहायता के लिए सरकार की तरफ से कोटा में प्रयोग शाला की स्थापना करवाने का आश्वासन दिया जिसमे खाद्य पदार्थो की जांच करवाएंगे ताकि उपभोक्ताओं को बाहर नहीं जाना पड़े। इसके अलावा उपभोक्ता की सहायता के लिए सदैव सीसी आई का सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव लक्की गोयल,जिला उपाध्यक्ष संदीप पारीख, एवं राजकुमार महाजन, मिडिया प्रभारी संजय सेन, कार्यकारिणी सदस्य मनोज विजय, मनोज सैनी, रीना भट्ट एडवोकेट, राधिका सिंह जादौन एडवोकेट, सितारा समाजसेवी कृष्ण कुमार दाधीच एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।



# प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याण

## *निर्वाण लाडू चढ़ाया, की पूजा अर्चना*

**पैंतरा न्यूज**

**छबड़ा 29 जनवरी।** स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर एवं संसार को खेती बाड़ी निर्माण सहित जीवन उपयोगी वस्तुएं देने वाले भगवान आदिनाथ का मौक्ष कल्याण हर्षोल्लास एवं धूमध ाम एवं से मनाया। इस अवसर पर अभिषेक शांति धारा के बाद निर्वाणध लाडू चढ़ाया गया तथा श्रृद्धालुओ ने विधी विधान से पूजा अर्चना की। समाज अध्यक्ष प्रकाश चन्द लुहाड़िया के अनुसार दिगंबर जैन समाज द्वारा प्रथम तीर्थकर एवं मानव जाति को शिक्षा का ज्ञान देने निर्माण क्रिया बताने खेती–बाड़ी सीखाने महिला शिक्षा की अलख जगाने सहित अन्य ज्ञान देने वाले भगवान आदिनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याण हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मंदिर जी में भगवान की अभिषेक एवं शांति धारा की गई। इसके बाद निर्माण कांड का पाठ किया गया एवं विधि विधान एवं हर्षोल्लास से निर्माण लाडू चढ़ाया गया।

# शहीद दिवस पर कार्यक्रम आज

**पैंतरा न्यूज**

**बारां 29 जनवरी।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहीद दिवस के अवसर पर 30 जनवरी को जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों में प्रातः 10.30 बजे से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पुष्पार्पण, रामधुन व गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन एवं प्रातः 11 बजे 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# एफ.पी.ओ. प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आगाज

## बस को अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने झण्डी दिखाकर किया रवाना





**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** कोटा बूंदी जिला दुग्ध संघ लगातार ग्राहकों की संतुष्टि और प्लांट को बढाने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता चला आ रहा है। इसी क्रम में नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड आनंद गुजरात द्वारा आयोजित एफ.पी.ओ. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ जिसमें कोटा बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चौन सिंह राठौड़ ने प्रशिक्षण के लिए जाने वाले दल की बस को झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कोटा बूंदी जिला दुग्ध संघ के द्वारा संचालित एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर आगेर्नाइजेशन) कंपनी छोटी काशी सरस फोडर सीड़ कंपनी तथा कोटा सरस फोडर सीड प्रोड्यूसर की और से 20 व्यक्तियो को नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड आनंद गुजरात 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लेने भेजा गया है। जिसमे चारा बीज, नेपियर स्टेम कंटिंग, खाद प्रबंधन बायोगैस और जैविक उर्वरक प्रसंस्करण सयंत्र, साईलेज, नवीन बीज किस्मों का उपयोग उन्नत नवीन खेती विधियों, आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने बताया की नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड आनंद गुजरात की तर्ज पर आगे बढ़ने की जरूरत है, इसके लिए प्रशिक्षण की अति आवश्यकता है ताकि कोटा बूंदी दुग्ध संघ भी प्रगति की और अग्रसर हो और चारा बीज, नेपियर स्टेम कंटिंग, खाद प्रबंधन बायोगैस और जैविक उर्वरक प्रसंस्करण, उन्नत नवीन खेती विधियों को जान सके, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान भाईयों को लाभ हो और संघ भी प्रगति की और बड़े। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक सदस्य पर 2000 रुपए का वहन होगा, जिसमे 20 सदस्यों का खर्च 40 हजार रुपए होगा जो कि कोटा दुग्ध संघ के सीबीबीओ खाते से वहन किया जाएगा।

# राज्य वृक्ष खेजड़ी पर चलाई कुल्हाड़ी, सैकड़ों हरे–भरे पेड़ धराशाही

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 29 जनवरी।** वर्ष 1730 में अमृता देवी बिश्नोई सहित चोरासी गांव के 363 बिश्नोई जिनमें 69 महिलाएं और 294 पुरुष खेजड़ी के हरे वृक्षों को बचाने के लिए खेजड़ली में शहीद हुए थे। खेजड़ी राजस्थान का राज्य वृक्ष होने के साथ ही विश्नोई समाज का आराध्य वृक्ष है। सरकार ने खेजड़ी को राज्य वृक्ष तो घोषित कर दिया लेकिन इसे काटने वालों के लिए शायद सजा का कोई प्रावधान ही नहीं है या फिर प्रशासन सोया हुआ है। समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी अशोक गौड़ के अनुसार ग्राम पंचायत सेमली के अंर्तगत आने वाला गांव अलीनगर से सेमला के मैंन रोड पर सरकारी चारागाह एवं कुछ सेमला के खातेदारों की जगह खाली पड़ी हुई थी, जिस पर सैंकड़ों खेजड़ी के हरे वृक्ष खड़े हुए थे। खेजड़ी के वृक्ष होने के कारण सेमला के एक खातेदार ने तो उसे काश्त के लिए उपयोग में नहीं ले रखा था। लेकिन क्षेत्र के ही कुछ अतिक्रमियों की वहां काफी दिन से नजरें थी। पिछले एक–दो दिन के अंदर ही वहां खड़े हुए सैकड़ों हरे–भरे खेजड़ी के वृक्षों को अज्ञात लोगों ने काटकर धराशाही कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन ऐसे लोगों पर



सख्त कार्यवाही नहीं करेगा तो सारे वृक्ष काट दिए जाएंगे और सरकारी भूमि अतिक्रमी खेती करना प्रारंभ करने लगेंगे। इसलिए समय रहते ऐसे लोगो पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए। इस मामले में क्षेत्रीय वन अधिकारी भरत राठौर ने बताया कि उन्हे खेजड़ी के वृक्ष काटे जाने की सूचना मिली थीं। इस पर उन्होने वनरक्षक बलराम सहरिया को मौके पर भेजकर जांच–पड़ताल करवाई तो पता चला की जो पेड़ काटे गए हैं, वे रोंज के पेड़ हैं, खेजड़ी के नही हैं और यह पेड़ वनक्षेत्र में भी नही काटे गए हैं। संभवतयाः खेती करने के उद्देश्य से अतिक्रमण की नियत से पेड़ काटे गए हैं। प्रतिबंधित लकड़ी के परिवहन करने पर ही कार्रवाई की जाती हैं।

# आज यहां बिजली बंद रहेगी

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 29 जनवरी।** विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण गुरुवार को निम्न स्थानों पर बिजली बंद रहेगी।

दोपहर 1से शाम 5 बजे तक–

कॉमर्स कॉलेज रोड, तलवंडी सेक्टर 1 और आसपास का क्षेत्र, जाट समाज के आसपास, तलवंडी सेक्टर ए, दाऊदयाल सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल आदि।

सुबह 11 से दोपहर 2. बजे तक–

सीएडी क्षेत्र में माधुरी हाउस, माधव टावर, रॉयल आटेर्ना अपार्टमेंट, होटल किंग, स्टेट बैंक आदि।

सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक–

बापू बस्ती, बालिता रोड यूआईटी कॉलोनी, कैलाशपुरी, बालाजी टाउन, आदर्श नगर, कुन्हाड़ी पेट्रोल पंप के पीछे, श्री कैलाशपुरी, स्वागत कॉलोनी, सुमन विहार का कुछ हिस्सा, गायत्री विहार, मैरी कॉलोनी, कैथून रोड, राधाकृष्ण धाम, रिलायंस टावर, शुभ सवेरा कॉलोनी, गणपति विहार, कुटुंबकम रायपुरा, अमृत नगर, ओपेरा अस्पताल के पीछे व आसपास का क्षेत्र आदि।

10:30 से शाम 4:30 बजे तक–

महावीर नगर तृतीय सेक्टर 2, 3, मां भारती पुराना स्कूल, आरके नगर, शिव नगर आदि।

10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक–

गोपाल विहार, आदित्य आवास, नम्रता आवास, त्रिवेणी आवास, कृष्णा नगर, अटवाल नगर, अल्फा कॉम्प्लेक्स, बारां रोड 80 फीट रोड, अटवाल नगर 1, 2, सुखमणी जिम, कच्ची बस्ती, नम्रता आवास, सरदार की कोठी, ब्रिगेडियर पार्थ, गणेशपुरी धाम, भैरू बाबा मंदिर आदि।

सुबह 10 से शाम 4 बजे तक–

बालाकुंड आदि।

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक–

सकतपुरा, आरएसईबी कॉलोनी, चम्बल कॉलोनी आदि।

सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक–

केशवपुरा सेक्टर–7 आदि।

दोपहर 3:30 से शाम 5 बजे तक–

एकलव्य पार्क के पास, केशवपुरा आदि।

# मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक

**छबड़ा 29 जनवरी।** मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। ऐसे आयोजनों से संस्कृति का आभास तो होता ही है, साथ ही नीरसता खत्म होती है।

ऊर्जा का वातावरण बनता है। हम हमारा जितना ध्यान रखते हैं, उससे कहीं अधिक हमें धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की प्रेरणा के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। यह विचार वक्ताओं ने बुधवार को बीजासन माता मेले के शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किए।

# आयुष्मान आरोग्य योजना–अब 31 तक रजिस्ट्रेशन तो 1 फरवरी से मिलेगा लाभ

**पैंतरा न्यूज**

**झालावाड़ 29 जनवरी।** राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में नये रजिस्ट्रेशन को लेकर राहत दी है। आदेश के अनुसार अब 31 जनवरी 2025 तक योजनान्तर्गत रजिस्ट्रेशन करवाने पर 1 फरवरी से ही योजना का लाभ मिलने लगेगा। 31 जनवरी 2025 के बाद रजिस्ट्रेशन पर लाभ 1 मई 2025 से प्रारम्भ होगा। नियमों के तहत रजिस्ट्रेशन करवाने के 3 माह पश्चात् लाभार्थी योजना से जुडता है लेकिन वर्तमान में सरकार द्वारा इसमें सुधार करते हुए राहत दी गयी है।

योजना से जुडने वाले परिवार को 25 लाख रूपये तक का निःशुल्क ईलाज साथ ही बीमित परिवार के किसी सदस्य दुर्घटना में निधन होने पर या क्षति होने पर 10 लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत जिले की सभी सीएचसी, सेटेलाईट चिकित्सालय, जनाना चिकित्सालय एवं एसआरजी चिकित्सालय एवं 9 निजी चिकित्सालय संजीवनी हॉस्पिटल, एलएन हॉस्पिटल, ऑर्थोपेडिक एवं ट्रामो सेन्टर, बालाजी हॉस्पिटल, सरदार पटेल हॉस्पिटल, निरोगधाम हॉसिप्टल, नून हॉसिप्टल, एसके हॉस्पटल व नवजीवन हॉसिपटल शामिल है। योजना के तहत जिले में राजकीय व निजी चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है।

योजना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक–आर्थिक जनगणना–2011, लघु एवं सीमांत किसान, संविदा कर्मियों तथा कोविड–19 की अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवारों के लिए बीमा का प्रीमियम सरकार वहन कर रही है। ऐसे परिवारों का पंजीकरण स्वतः ही हो रहा है। अन्य सभी परिवार मात्र 850 रूपए प्रीमियम जमा करवाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना के अंतर्गत अपने परिवार का पंजीकरण करवाने हेतु जन आधार कार्ड/आधार कार्ड/ जन आधार पंजीयन रसीद के द्वारा अपने नजदीकी ई–मित्र के माध्यम से एवं स्वयं की एसएसओ आईडी से अपना पंजीकरण करा सकते है।

# मुख्यालय अधिकारियों द्वारा कोटा–सवाई माधोपुर रेल खण्ड पर संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,29 जनवरी।** पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्तर के अधिकारियों की इंट्रा रेलवे संरक्षा ऑडिट टीम द्वारा दिनांक 29 जनवरी को कोटा–सवाईमाधोपुर खण्ड के मध्य कापरेन–घाट का बराना के मध्य यातायात समपार फाटक सं. 134, घाट का बराना स्टेशन, लबान – लाखेरी के मध्य मेज नदी पर मेजर ब्रिज सं. 250,लाखेरी इंद्रगढ़ खण्ड में कर्व सं. 50 अप एवं इंजीनियरिंग समपार फाटक सं. 137, इंद्रगढ़ स्टेशन पर प्वाइंट नं. 118, सवाई माधोपुर का ट्रेक्शन सब स्टेशन एवं सवाईमाधोपुर स्टेशन का संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण किया गया। सभी क्षेत्रीय रेलों पर इंट्रा–रेलवे



संरक्षा अश्वडिट नियमित रूप से किये जाते हैं। इसके अन्तर्गत संरक्षा ऑडिट टीम में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारियों द्वारा बेहतर संरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने एवं प्रणालीगत कमियों के निराकरण हेतु सकारात्मक प्रयास किये जाते हैं। इंट्रा रेलवे संरक्षा ऑडिट एवं निरीक्षण पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीण खोराना के नेतृत्व में, मुख्य विजली वितरण इंजीनियर जगराम मीना, कोटा मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक एल. के. धुरंधर एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी कोटा निरीश कुमार राजपूत की उपस्थिति में किया गया। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण, कोटा मंडल के अभियान्त्रिकी, यश्वन्त्रिक, संकेत एवं दूर संचार, टीआरडी, विद्युत एवं परिचालन विभागों के शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नितिन गौतम दिल्ली विधानसभा कालकाजी प्रभारी नियुक्त

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,29 जनवरी।** नेशनल कांग्रेस वर्कर कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली प्रभारी के राजू को ऑर्डिनेटर काजी निजामुद्दीन से संयोजक गुलविंदर मेहता की सहमति से नितिन गौतम को कालकाजी दिल्ली विधानसभा से प्रभारी नियुक्त किया है।



राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष आबिद खान ने बताया है नितिन गौतम कोटा में सक्रिय जिला अध्यक्ष है पहले भी विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं उनकी इन गतिशील कार्य को देखते हुए कालकाजी में अलका लांबा जी के लिए प्रचार प्रसार के लिए इनको प्रभारी नियुक्त किया है नितिन गौतम ने इस नियुक्ति पर प्रदेश अध यक्ष आबिद खान राजस्थान क्रो ऑर्डिनेटर काजी निजामुद्दीन साहब श्री शांति कुमार धारीवाल साहब का आभार व्यक्त किया है।

# वार्डो की समस्याओं को लेकर पार्षदों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,29 जनवरी।** नगर निगम कोटा उत्तर आयुक्त को पार्षद बद्री पटेल, पार्षद, बशीर महोम्मद के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष ललित कुमार एडवोकेट,पार्षद वार्ड नं 23 के साथ अपने वार्डो की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें, पार्षद, मनोज सैनी, पार्षद हुकुम बेरवा,पार्षद राजेन्द्र सुवालका, दीपक शर्मा सचिव डी सी सी कोटा, पार्षद गुंजन मेघवाल, पार्षद हरि ओम सुमन शामिल थे।

# संत भवन शिलान्यास दो दिवसीय कार्यक्रम कल से

**बारां 29 जनवरी।** भारत गोरव स्वस्तिधाम तीर्थ प्रणेत्री परम विदुषी लेखिका गणिनी आर्यिका 105 श्री स्वस्ति भूषण माता जी के मंगल आशीर्वाद तथा प्रेरणा से श्री खण्डेल वाल दिगम्बर जैन समाज बारा द्वारा श्री 1008 संभवनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, कृष्णा नगर, बारां में दिनांक 31 जनवरी से 1 फरवरी तक शिखर कलशारोहण, सिंहद्वार लोकार्पण, संत भवन शिलान्यास दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होगा।

प्रवक्ता अमित जैन बारा ने जानकारी देते हुऐ बताया कि 31 जनवरी को सुबह 7 बजे संभवनाथ मंदिर से नवीन चांदी की पालकी में श्रीजी को विराजमान कर भव्य शोभायात्रा, घट यात्रा निकाली जाएगी।

# पीड़ित पुजारी बैठे भूख हड़ताल पर

**पैंतरा न्यूज**

**बारां/कोटा 29 जनवरी।** राजस्थान पुजारी सेवक महासंघ के नेतृत्व में हाड़ौती संभाग के समस्त पुजारीयों ने संभागीय आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर भुख हड़ताल पर बैठै। जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने बताया कि जब तक पुजारियों को न्याय नहीं मिलेगा पुजारी परिवार भूख हड़ताल पर रहेंगा। सांगोद तहसील के ग्राम देगनिया में महिला पुजारन के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने घर में घुसकर मारपीट की और उसका मकान तोड़ दिया गया जिसके विरोध में आज पुजारियों ने संभागीय आयुक्त कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया।

संभागीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि जब तक पीड़ित पुजारन को न्याय नहीं मिलेगा तब तक समस्त हाड़ौती के पुजारियों को धरने पर बुलाने का आह्वान किया गया है। आज भुख हड़ताल पर पवन वैष्णव, राजेश बैरागी व धनराज सुगंधा बैठे। धरना स्थल पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने आकर पीड़ित पुजारी परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालो में प्रसार मंत्री राजेंद्र शर्मा, संगठन मंत्री आनंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री दयाराम, तहसील सचिव महावीर गोस्वामी, झालावाड़ जिलाध्यक्ष लोकेश वैष्णव, जिलाध्यक्ष बनवारी और महासचिव विनोद, तहसील अध्यक्ष बनवारी शर्मा, दीपक शर्मा, लव कुश, दीपक देवली, उपाध्यक्ष गिरधर दाधीच, रघुवीर बैरागी, पवन वैष्णव, कीर्ति वैष्णव, व सत्यनारायण मीणा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# दांगी समाज ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर किया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**झालावाड़ 29 जपवरी।** दांगी समाज छात्रावास खंडिया कॉलोनी झालावाड़ मैं 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस समारोह के मुख्य अतिथि रहे सालिगराम दांगी महामंत्री दांगी समाज के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



विशिष्ट अतिथि शंकरलाल दांगी, विष्णु प्रसाद दांगी रहे मंच संचालन रायसिंह दांगी द्वारा किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि सालिगराम दांगी ने उपस्थित समाज बंधुओं व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की 26 जनवरी 1950 को भारत देश का संविधान लागू किया गया था जब से ही गणतंत्र दिवस पूरे भारत देश में मनाया जाता है।

भारतीय संविधान के कारण ही यहां के नागरिकों को अधिकार व कर्तव्य प्राप्त हुए, राष्ट्रीय पर्व को मनाने से देशवासियों में एकता की भावना जागृत होती है। विष्णु प्रसाद दांगी ने कहा भारत एक संप्रभुता वाला राष्ट्रीय है उसके बाद अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में गौरव दांगी, राकेश दांगी, सीताराम दांगी, संजय दांगी, जुगराज दांगी, बजरंग दांगी, जसवंत दांगी, दुर्गेश दांगी, भोला दांगी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया तथा इसके पश्चात दांगी समाज के द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें समाज के युवकों सहित अन्य लोगों ने भी भाग लिया।

प्रकाशक, मुद्रक, मालिक योगेश गुप्ता के लिए संकल्प प्रिंटिंग प्रेस स्टेशन रोड़ बारां से मुद्रित एवं पुराने एम. जे. चिल्ड्रन स्कूल के पास मंगलपुरा झालावाड़ से प्रकाशित सम्पादक शिवम गुप्ता, प्रबंधक नरेश गोयल मो. 9413354218, 9414190940 फोन 07453–294218 (बारां), 9166201111 (झालावाड़)